# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 5

Chapter Name : थोड़ी धरती पाऊँ

Q1 कविता सम्बन्धी प्रश्न

(क) कवि बाग-बगीचा क्यों लगाना चाहता है?

(ख) कविता में कवि की क्या विनती है?

(ग) कवि क्यों कह रहा है कि

‘आज सभ्यता वहशी बन,

पेड़ों को काट रही है?’

इस पर अपने विचार लिखो।

(घ) कविता की इस पंक्ति पर ध्यान दो-

“बच्चे और पेड़ दुनिया को हरा-भरा रखते हैं।”

अब तुम यह बताओ कि पेड़ों और बच्चों में क्या कुछ समानता है? उसे अपने ढंग से लिखो।

aglasem.com

Answer:
(क) कवि धरती को हरा-भरा करने के लिए बाग-बगीचा लगाना चाहता है। जिससे फल-फूल खिलें, चिड़िया चहचहाए और ताजी हवा जलाशय से आकर बहे।

(ख) कवि कविता में पेड़ों की कटाई रोकने की विनती कर रहा है।

(ग) कवि मानव सभ्यता को वहशी इसलिए कह रहा है क्योंकि लोग अपने स्वार्थवश दिन-रात पेड़ की कटाई में लगा हुआ है। वह न तो आने वाले कल के विषय में सोच रहा है और न ही आने वाली पीढ़ी के विषय में।

(घ) जिस प्रकार पेड़ धरती को हरा-भरा (समृद्ध) रखते है उसी प्रकार बच्चों से घर हरा-भरा (समृद्ध) होता है।

Page : 25 , Block Name : कविता सम्बन्धी प्रश्न

Q2 कैसी लगी कविता
कविता पढ़ो और जवाब दो-
(क) कविता की कौन-सी पंक्तियाँ सबसे अच्छी लगीं?
(ख) वे पंक्तियाँ क्यों अच्छी लगीं?
Answer -
(क) कविता की निम्न पंक्तियाँ सबसे अच्छी लगीं -
बच्चे और पेड़ दुनिया को
हरा-भरा रखते हैं
नहीं समझते जो, दुष्कर्मों
का वे फल चखते हैं |
(ख) इन पंक्तियों में बच्चों और पेड़ों में तुलना की गयी हैं। जहाँ पेड़ रहते हैं, उस स्थान का सौंदर्य अलग ही होता है। बच्चे भी जहाँ रहते हैं वहाँ रौनक रहती है।

Page : 25 , Block Name : कैसी लगी कविता

Q3 बातचीत
नीचे एक लकड़हारे और एक बच्ची की बातचीत दी गई है। इसे अपनी समझ से पूरा करो।
बच्ची - ओ भैया! आप इस पेड़ को क्यों काट रहे हो?
लकड़हारा- यह तो मेरा काम है।
बच्ची – पर यह तो गलत है।
लकड़हारा- यह कैसे गलत है? इसी से तो मेरे परिवार का भरण-पोषण होता है।

बच्ची…………………………………………………………………………………………………………………………
लकड़हारा ……………………………………………………………………………………………
……………………..
……………………………………………………………………………………………………
……………………..
……………………………………………………………………………………………………
……………………..
……………………………………………………………………………………………………
……………………..

aglasem.com

……………………………………………………………………………………………………………………..
……………………………………………………………………………………………………………………..
………………………………………………………………………………………………………………………

Answer:
बच्ची- काका यह पेड़ काटना हमारे वातावरण के लिए बहुत नुकसानदेह है। इसके स्थान पर और भी तो काम कर सकते हो। आप नहीं जानते आपके इस व्यवसाय के कारण पृथ्वी तथा पूरी मानव जाति को कितने नुकसान उठाने पड़ रहे हैं।

लकड़हारा- मेरे पेड़ काटने से किसे और क्या नुकसान पहुँच रहा है?

बच्ची- जब आप पेड़ काटते हैं, तो हमारे वातावरण को नुकसान पहुँचता है। पेड़ इस धरती के लिए बहुत फायदेमंद हैं।पेड़ मिट्टी को बांधे रखते हैं। पेड़ हवा को शुद्ध करते हैं। वे कार्बनडाइ ऑक्साइड लेते हैं और ऑक्सीजन देते हैं तथा प्रकृति का संतुलन बना रहता है।

लकड़हारा- मुझे तो यह सब पता ही नहीं था बेटा। अब मैं पेड़ नहीं काटूँगा और उनकी रक्षा के लिए सदैव सजग रहूँगा।

बच्ची- धन्यवाद! यदि सभी आपके जैसे सोचने लगें, तो हमारी पृथ्वी हरियाली से भरी रहेगी ।

Page : 25 , Block Name : बातचीत

Q4 बाग-बगीचा

(क) तुम पेड़ों को बचाने के लिए क्या कुछ कर सकते हो? बताओ।

(ख) कविता में कवि ने बगीचे के बारे में बहुत कुछ बताया है। बताओ, नीचे लिखी चीज़ों में से कौन-सी चीज़ें बगीचे में होंगी?

| | |
|---|---|
| कार | फूल |
| क्यारियाँ | चिड़ियाँ |

aglasem.com

| | |
|---|---|
| सड़क | फल |
| खेत | तालाब |
| कारखाने | पेड़ |
| कुर्सी | कागज़ |
| पत्ता | टहनी |

aglasem.com

Answer:

(क)पेड़ों को बचाना सभी का कर्त्तव्य है। इसके लिए हम कुछ प्रयत्न कर सकते हैं जैसे कि हमें खाली स्थानों पर पेड़ लगाने चाहिए। जो लोग पेड़ो के फायदे के बारे में नहीं जानते उन लोगों को इस विषय में जागरूक कर सकते हैं। हम अपने सम्बन्धियों तथा मित्रों को उनके जन्मदिवस पर पौधे उपहार में दे सकते हैं।

(ख) बगीचे में निम्नलिखित चीज़ें होगीं-

फूल

क्यारियाँ

चिड़ियाँ

फल

पेड़

टहनी

पत्ता

Page : 26 , Block Name : बाग-बगीचा

Q5 यह भी करो
(क) तुम्हारे घर के पास कौन-कौन से पेड़-पौधे, पशु-पक्षी आमतौर पर नज़र आते हैं? उनकी सूची बनाओ।

(ख)अपने आस-पास पता करके ऐसे किसी व्यक्ति से बात करो जिसने कोई पेड़ या पौधा लगाया है। उससे पूछकर निम्नलिखित जानकारी प्राप्त करो-

1. पेड/पौधे का नाम
2. कब लगाया था?
3. देखभाल की या नहीं?
4. क्या वह पेड़/ पौधा अब भी मौजूद है?

aglasem.com

Answer:
(क)मेरे घर के आस-पास कई तरह के पेड़-पौधे और पशु-पक्षी पाए जाते हैं। जैसे-

पेड़ – आम, केला, नीम , बरगद, पीपल

पौधे – गेंदा, मोगरा, तुलसी, नींबू, गुलाब

पशु – गाय, भैंस, कुत्ता, बिल्ली,

पक्षी – मोर, कबूतर, कोयल, तोता, कौआ

(ख) मेरे घर के पास में एक अंकल ने पेड़ लगाया है। मैंने उनसे बात करके निम्न जानकारी प्राप्त की-
1 - पेड़ –आम
2 - उन्होंने अपने घर के बाहर 3 महीने पहले इसे लगाया था।
3 - अंकल उसकी बहुत देखभाल करते हैं उसमें खाद-पानी डालते हैं ।

Page : 26 , Block Name : यह भी करो

Q6 खोजबीन
हमारे देश में पुराने समय से ही पेड़-पौधों को लगाने और उन्हें कटने से बचाने की परंपरा रही है। कई बार लोगों ने मिलकर पेड़ों को बचाने के लिए आंदोलन भी किया। ऐसे ही किसी आंदोलन के बारे में जानकारी इकट्ठी करके कॉपी में लिखो। इसके लिए तुम्हें पुस्तकालय, समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं, शिक्षिका या माता-पिता और इंटरनेट से भी सहायता मिल सकती है।
Answer: चिपको आंदोलन- यह आंदोलन सन् 1973 में गढ़वाल के चमोली जिले में आरंभ हुआ था।इस आन्दोलन में लोग पेड़ो को काटने से बचाने के लिए पेड़ो से चिपक गए थे| इसीलिए इसे चिपको आन्दोलन कहा गया| इस आन्दोलन का नेतृत्व सुंदर लाल बहुगुणा द्वारा किया गया था। स्त्रियों के साहस के कारण ही यह आंदोलन सफल हुआ और कई असंख्य पेड़ों को बलि चढ़ने से बचाया जा सका।

Page : 27 , Block Name : खोजबीन

Q7 इन शब्दों के समान अर्थ वाले कुछ शब्दों को लिखो -
धरती - ……….
चिड़िया - ……..
हवा- ………..
पेड़ - ……….
दुनिया - ……….
Answer:
धरती - धरा ,पृथ्वी
चिड़िया - पक्षी, खग
हवा- वायु, अनिल
पेड़ - वृक्ष, तरु
दुनिया - विश्व , संसार

Page : 27 , Block Name : इन शब्दों के समान अर्थ वाले कुछ शब्दों को लिखो|

Q8 जंगल, पेड़-पौधों और प्रकृति से संबंधित कुछ कविताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करो।

aglasem.com

“जंगल” शीर्षक से दी गई कविता को पढ़ो और अपने दोस्तों को सुनाओ।

Answer:

1) ‘चंद्र गहना से लौटती बेर’- केदारनाथ अग्रवाल: इस कविता में प्रकृति की विभिन्न गतिविधियों को मनुष्य की क्रियाओं के साथ जोड़कर सुन्दर चित्रण किया है|

2) ‘ग्राम श्री’- सुमित्रानंदन पंत: इसमें कवि ने प्रकृति का मानवीकरण करते हुए सुन्दर चित्रण किया है।

3) जीवन का आधार है वृक्ष – रामकिशोर शुक्ल: इस कविता में कवि ने पेड़ो व उनसे प्राप्त होने वाली वस्तुओं के महत्व के बारे में बताया है|

Page : 27 , Block Name : जंगल

aglasem.com